**Re:Need to set up sewerage treatment plant and construct crematorium under Namami Gange Programme in Darbhanga, Bihar**

श्री गोपाल जी ठाकुर **(दरभंगा):** महोदय, क्या नमामि गंगे योजना के तहत दरभंगा (बिहार) का चयन वर्ष 2018 में हुआ था और इस योजना के तहत पहले चरण में दो प्रमुख नदियां शहर के पश्चिम दिशा में बहने वाली बागमती नदी एवं पूरब बहने वाली कमला नदी की स्वच्छता को लेकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना को स्वीकृति दी गई थी । जिसमें शहर के 23 बड़े नालों का गंदा पानी बागमती नदी में, वहीं डीएमसीएच से छपरार घाट तक का गंदा पानी कमला नदी में गिराया जाता है । इसी गंदगी से बचाने हेतु यहां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण होना था । , जो योजना के चयन और स्वीकृति के करीब 5 साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा सका है । वहीं बागमती नदी के तट पर स्वीकृत शव दाह गृह का निर्माण भी नहीं किया गया है । इसके अलावा दरभंगा नगर निगम अंतर्गत अवस्थित दिग्घी, हराही व गंगा सागर तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी लंबित जाना है । नमामि गंगे योजना के तहत दरभंगा में अभी तक एक भी एसटीपी निर्माण नही हुआ है । क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेंगे कि उक्त सभी कार्यों की यथास्थिति और प्रगति क्या है?